तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 शिक्षकों को प्रश्नपत्र निर्माण, विद्यालयीन संस्कृति ...





12 परिवार और समाज की मौजूदगी में 200 से ...




## खबर संक्षेप

### मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि न्यू कृष्णा नगर वार्ड 8 सुपेला निवासी दलवीर कौर के मकान में 23 नवंबर को चोरी की शिकायत मिली थी। दलवीर अपनी मां सुमित्रा के साथ घरेलू सामान लेने बाजार गई थी। ताला लगाकर चाबी खिड़की में रख कर गई थी। जब वो वापस लौटी तो देखा कि ताला टूटा पड़ा है। मकान का सारा सामान बिखरा है। लोहे की अलमारी भी टूटी है। अज्ञात ने जेवरात और 10 हजार रुपए नगद चोरी कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने न्यू कृष्णा नगर निवासी बलवंत सिंह उर्फ बबलू को पकड़ा और पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर सोने का लॉकेट और लोहे का रॉड जब्त किया गया।

### मकान में चोरी करने वाले और जेवरात खरीदने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों और चोरी के जेवरात गिरवी रखने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी सन्नी साहू के परिजन बाजार गए थे। मौका पाते ही अज्ञात ने मकान के सारे जेवरात समेत नगदी पार कर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर संदेही ग्राम संबलपुर थाना डोंगरगढ़ निवासी सुरेश साहू को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि मकान से जेवरात, नगदी दोस्त पुरानी बस्ती मंगल मार्केट कोहका खिलेश्वर देशमुख के साथ मिलकर सामान पार किया। चोरी कर जेवरात को पावर हाउस स्थित ज्वेलर्स सतीश ठोसर के यहां गिरवी रखा था। पुलिस ने ठोसर को भी गिरफ्तार किया है।

### चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकान संचालक पर कार्रवाई

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में चाइनीज मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर एक बार फिर कार्रवाई की गई। अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में टीम अमला ने वार्ड 52 बोरसी पहुंचकर जय शंकर किराना स्टोर्स में मांझा की जांच की। इस दौरान प्रतिबंधित मांझा जब्त करते हुए 5 हजार रुपये का जुर्माना राशि वसूला गया। शहर क्षेत्र अंतर्गत निरन्तर निगम के बाजार विभाग और अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम अब शहर में घूम-घूमकर चाइनीज मांझा की खरीद-फरोख्त, परिवहन, भंडारण और उपयोग पर निगरानी रखेगी तथा नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नवोदय के लिए 4829 विद्यार्थियों ने दिलाई परीक्षा, 2652 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा में नवोदय चयन परीक्षा 2025 का आयोजन सम्पन्न हुआ। परीक्षा जिले के चारों विकासखंडोंनवागढ़, बेमेतरा, साजा एवं बेरलामें निर्धारित केंद्रों पर शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से आयोजित की गई।

जिले में चयन परीक्षा में कुल 7481 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 4829 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 2652 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जिले में 64.55 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा का समय पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक निर्धारित था, जिसे दो घंटे की अवधि में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। परीक्षा का आयोजन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के सभी 32 परीक्षा केंद्रों में मुख्य पर्यवेक्षक एवं केंद्र स्तरीय अधिकारी की नियुक्ति की गई थी।

### जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई चयन परीक्षा 2025




#### प्रश्न पत्रों की सुरक्षित आपूर्ति व निगरानी

जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा द्वारा 10 शिक्षकों को सर्वेक्षण अधिकारी, रूट इंचार्ज एवं ब्लॉक समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार 10 वाहनों के माध्यम से बैंकों से प्रश्न पत्रों का संकलन कर उन्हें पूर्ण सुरक्षा एवं गोपनीयता के साथ सभी 32 परीक्षा केंद्रों तक समय पर पहुंचाया गया। परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्रों एवं अन्य सामग्री को सीलबंद कर सुरक्षित रूप से कैंप कार्यालय में जमा कराया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा के प्राचार्य के.के. दहिकर ने अधिकारियों तथा जिले के सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## समस्या

**सड़क की ना तो मरम्मत हो रही, ना ही सुनवाई**

# मोहभट्ठा-भेड़नी मार्ग जर्जर होने से थमा क्षेत्र के विकास का पहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित बेरला विकासखंड के ग्राम मोहभट्ठा से भेड़नी तक 15.10 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग बीते 5–6 वर्षों से बदहाली का शिकार है। मरम्मत, पेचवर्क, मिट्टी संधारण और साइड सोल्डर की साफ-सफाई के अभाव में यह मार्ग ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा की परेशानी बन चुका है। स्थिति यह है कि सड़क पर जगह-जगह डामरीकरण उखड़ चुका है, बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और नुकीले पत्थर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। मार्ग के जर्जर होने से क्षेत्र के विकास का पहिया थम सा गया है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग दुर्ग–बेमेतरा मुख्य राजमार्ग से जुड़ता है, बावजूद इसके वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। खस्ताहाल सड़क के कारण आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। एंबुलेंस को घंटों का सफर तय करना पड़ता है, परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों और रोजाना आवागमन करने वाले ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मोटरसाइकिलें और साइकिलें बार-बार खराब होना आम बात हो गई है।

- बड़े-बड़े गड्ढों से लोग हो रहे हादसे के शिकार

### ग्रामीण आक्रोशित नवनिर्माण की मांग

स्थानीय जनप्रतिनिधि मोहभट्ठा सरपंच प्रतिनिधि नरसिंह साहू, मनियारी सरपंच सोहन साहू, खम्हरिया (एम) सरपंच सकून बाई साहू, सलधा सरपंच सियाराम सिन्हा और भेड़नी सरपंच दुर्गेश्वरी साहू—सहित पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क के नव निर्माण की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि मरम्मत के नाम पर अब तक केवल खानापूर्ति हुई है, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिले के अन्य ग्रामीण मार्गों की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है, जहां पिछले 2–3 वर्षों में दरारें पड़ चुकी हैं और डामरीकरण उखड़ रहा है। यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



### बारिश होने के बाद हालात और ज्यादा बदतर

हर साल बारिश के दिनों में सड़क की स्थिति और भयावह हो जाती है। कीचड़ और पानी से भरे गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाएं और चोटिल होने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसी कारण स्कूली बच्चे कई दिनों तक स्कूल नहीं जा पाते। साइकिलें खराब हो जाती हैं और रात के समय आवागमन लगभग असंभव हो जाता है।

**धार्मिक मार्ग होने के बावजूद अनदेखी:** गौरतलब है कि इसी मार्ग से होकर जिले के प्रसिद्ध सिद्धि माता मंदिर संडी में तेरस व नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते-जाते हैं। वहीं सवा लाख शिवलिंग सपाद लक्षेश्वर धाम, सलधा के लिए भी यही प्रमुख रास्ता है। इसके बावजूद संबंधित विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि आंखें मूंदे बैठे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# निवेशकों से धोखाधड़ी करने वाले फरार डायरेक्टर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रकम दोगुना करने का झांसा देकर निवेशकों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले पीएसीएल इंडिया लिमिटेड चिटफंड घोटाले में बेमेतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं थाना बेरला पुलिस की संयुक्त टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे कंपनी के डायरेक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है।

- पीएसीएल चिटफंड घोटाले में बड़ी कार्रवाई

पुलिस के अनुसार वर्ष 2017 में दर्ज इस बहुचर्चित मामले में पीएसीएल इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टरों द्वारा आम निवेशकों से पैसा जमा कराकर पांच वर्षों में राशि दोगुनी करने का प्रलोभन दिया गया था। तय अवधि पूरी होने के बाद भी निवेशकों को उनकी जमा पूंजी वापस नहीं की गई और कंपनी कार्यालय बंद कर दिया गया, जिससे सैकड़ों निवेशक ठगे गए।

**लगातार जारी थी आरोपियों की तलाश:** मामले में थाना बेमेतरा में अपराध क्रमांक 173/2017 के तहत धारा 420, 409, 120बी, 34 भादवि सहित ईनामी चिटफंड एवं धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ निक्षेपकों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध है। गठित विशेष टीम ने आरोपियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

# धान खरीदी की लिमिट और टोकन नहीं बढ़ाने पर कांग्रेस करेगी आंदोलन : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने धान खरीदी की वर्तमान व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर प्रतिदिन निर्धारित धान खरीदी लिमिट एवं टोकन की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि राज्य स्तर पर समन्वय स्थापित कर जिले के किसानों के हित में शीघ्र पहल की जाए।

श्री छाबड़ा ने पत्र में उल्लेख किया है कि धान खरीदी की अंतिम तिथि नजदीक है, जबकि बेमेतरा जिले में अब तक हुई खरीदी और आगामी दिनों में होने वाली संभावित खरीदी को देखते हुए वर्तमान लिमिट एवं टोकन व्यवस्था अपर्याप्त साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के चलते बड़ी संख्या में किसान अब तक अपना धान बेच नहीं पाए हैं। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के पांच जिलों में धान खरीदी की लिमिट एवं टोकन बढ़ाए गए हैं, लेकिन बेमेतरा जिला इस सूची में शामिल नहीं है, जबकि यह प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल का गृह जिला है। इसके बावजूद अब तक जिले के लिए कोई विशेष पहल न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, जो भाजपा की किसान विरोधी सोच को दर्शाता है। उन्होंने प्रशासन के उस दावे को भी भ्रामक बताया, जिसमें कहा जा रहा है कि किसानों को 24 घंटे टोकन काटने की सुविधा उपलब्ध है। श्री छाबड़ा के अनुसार, वास्तविकता यह है कि इस सुविधा का लाभ केवल दो एकड़ से कम खेती करने वाले किसानों को ही मिल पा रहा है, जबकि जिले के अधिकांश ऐसे किसान जिनके पास दो एकड़ से ▶▶| शेष पेज 12 पर



- प्रतिदिन की सीमा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक छाबड़ा ने कलेक्टर को लिखा पत्र
- प्रशासन राज्य स्तर पर करे समन्वय

### किसानों की समस्या से भाजपा को सरोकार नहीं

श्री छाबड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। यही कारण है कि अब तक भाजपा का कोई भी प्रतिनिधि इस गंभीर मुद्दे को लेकर शासन के समक्ष आवाज उठाते नजर नहीं आया। कलेक्टर को लिखे पत्र में पूर्व विधायक ने चेतावनी दी है कि यदि शासन द्वारा धान खरीदी की लिमिट एवं टोकन की मात्रा में शीघ्र वृद्धि नहीं की गई, तो कांग्रेस को बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। किसानों की समस्याओं को लेकर सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ी तो भी कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस अन्नदाता किसानों को अकेला नहीं छोड़ेगी। गरीब और किसान हमेशा से कांग्रेस की प्राथमिकता में रहे हैं। किसानों को न्याय दिलाने के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।

## परिवहन विभाग की अपील- सतर्कता ही सुरक्षा

# घने कोहरे में वाहन चलाना अत्यंत खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उत्तर भारत में लगातार पड़ रहे घने कोहरे के कारण विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों एवं एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएँ सामने आ रही हैं। यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ–आगरा एक्सप्रेसवे एवं दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए, जिनमें अनेक लोग घायल हुए हैं तथा कुछ स्थानों पर जानमाल की क्षति भी हुई है।

इन घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन विभाग ने राज्य के समस्त यात्री बस संचालकों एवं वाणिज्यिक वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि घने कोहरे में वाहन चलाना अत्यंत जोखिम भरा होता है। कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखें, हेडलाइट्स अनिवार्य रूप से चालू रखें तथा उन्हें लो-बीम मोड में ही रखें, क्योंकि हाई-बीम लाइट दृश्यता को और कम कर देती है। यदि वाहन में फॉग लैंप उपलब्ध हों तो उनका उपयोग अवश्य करें। बेमेतरा परिवहन विभाग के अधिकारी अरविंद भगत ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कोहरे में केवल स्वयं देख पाना ही नहीं, बल्कि दूसरों को दिखाई देना भी उतना ही आवश्यक है।




### आवश्यक सावधानियां अपनाने की दी सलाह

उन्होंने वाहन चालकों को निम्न सावधानियाँ अपनाने की सलाह दी—उन्होंने कहा वाहन धीमी गति से चलाएँ, हेडलाइट्स लो-बीम पर रखें ,फॉग लैंप एवं पार्किंग लाइट का उपयोग करें। डिफॉगर एवं विंडस्क्रीन वाइपर का सही उपयोग करें, वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें लेन अनुशासन का पालन करें एवं ओवरटेकिंग से बचें उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोहरा अत्यधिक हो और वाहन चलाना असुरक्षित प्रतीत हो, तो वाहन को सड़क से हटाकर किसी सुरक्षित स्थान पर खड़ा करें और इंडिकेटर लाइट चालू रखें। परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपनी तथा अन्य यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए यातायात नियमों का पालन करें और कोहरे के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# परिवार और समाज की मौजूदगी में 200 से अधिक युवक-युवतियों ने चुने जीवन साथी

## सिन्हा कलार समाज के पारवारिक मिलन समारोह का गौरवमयी स्वर्णिम महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज जन कल्याण समिति भिलाई नगर के पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन में समाज के कई दिलों का मिलन हुआ। दो दिवसीय भव्य आयोजन में विवाह योग्य 400 से अधिक युवक-युवतियां शामिल हुए। इनमें से 200 युवाओं ने परिवार और समाज की मौजूदगी में अपने जीवन साथ चुनने का निर्णय लिया। समारोह भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के मैदान में हुआ। जहां युवक-युवतियों की परिचय विवरणिका के 23 वां अंक का विमोचन भी किया गया।युवक-युवती परिचय सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों को 50साल की गौरवमयी यात्रा के लिए बधाई देते हुए कहा कि, परिवार की एकजुटता से समाज की मजबूती तय होती है। 50 साल पहले समाज के वरिष्ठों द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन के रूप में रोपी गई बीज आज विशाल वटवृक्ष बन चुकी है। जिसकी छाया में हम सभी खड़ें है। समाज की इस प्रेरणादायक कार्यक्रम हम सभी के लिए ऐतिहासिक और गौरवमयी है।

विशिष्ट अतिथि व समाज सेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि पारिवारिक मिलन समारोह के रूप में इतना बड़ा और भव्य कार्यक्रम पहली बार देखने को मिल रहा है। उन्होंने समाज के बच्चों की शिक्षा पर केन्द्रित करने कहा और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को अपनी संस्था के माध्यम से मदद करने की बात कही है।




### समाज को किया गौरन्वित, हुआ सम्मान

जन कल्याण समिति की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा(सीजीपीएससी) के माध्यम से सहायक संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग के पद पर चयनित गुण सागर सिन्हा और सहायक जेल अधीक्षक के पद चयनित किशोर जायसवाल, सब रजिस्टार डिम्पल डड़सेना को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ अनिता डड़सेना (पीएचडी), डॉ वर्षा सिन्हा (एमडी), आयुष सिन्हा, (एमटेक आईआईटी), हिमांशु सिन्हा (एम टेक एनआईटी), डॉ ममता सिन्हा (पीएचडीध्नर्सिंग), दिव्यांग डड़सेना (नीट), कक्षा.12वीं में मान्यता सिन्हा को प्रथम और नंदिता सिन्हा को द्वितीय, (कक्षा.10वी सीबीएसई बोर्ड से सौम्या डड़सेना प्रथम, आयुषी सिन्हा को द्वितीय और सीजीएसई बोर्ड से अर्चना सिन्हा को प्रथम और तनीषा सिन्हा को द्वितीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### भिलाईनगर विधानसभा के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत 5 विकास कार्यों के लिए 23 लाख 48 हजार 274 रूपए की स्वीकृत दी है। विधानसभा भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार भिलाई नगर वार्ड क्र. 63 सड़क नंबर 67 एवं 68 के मध्य सेक्टर 6 भिलाई में सार्वजनिक डोम शेड कार्य किये जाने हेतु फेस 1 कार्य फाउण्डेशन कार्य एवं टाईल्सयुक्त मंच निर्माण के लिए 9 लाख 99 हजार 24 रूपए, सेक्टर-06 भिलाई में बाके बिहारी डोम शेड के पास 01 नग बोर खनन एवं सार्वजनिक महिला/पुरूष शौचालय निर्माण के लिए 02 लाख 50 हजार रूपए, सार्वजनिक दुर्गोत्सव जेपी सीमेंट रोड सड़क नं. 3, सेक्टर-5 भिलाई के पास 1 नग बोर खनन कार्य के लिए 99 हजार 413 रूपए, वार्ड क्र. 48, जोन 03, खुर्सीपार के पास पम्प हाउस मैदान में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण, शेड निर्माण, चेनलिंग फेंसिंग कार्य एवं कक्ष निर्माण कार्य के लिए 06 लाख रूपए और सेक्टर-07 भिलाई कूर्मि भवन के समीप सार्वजनिक डोम शेड का विस्तारीकरण एवं संधारण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 837 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### वैशाली नगर के लिए 70 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत विकास कार्य के लिए 70 लाख रूपए की स्वीकृत दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वैशाली नगर की लाल मैदान पावर हाउस में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 70 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### तेखन बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता लगातार संगठन में सक्रिय तेखन सिन्हा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्याप्त किया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद जिला कार्यालय में आगमन के पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तेखन सिन्हा बधाई दी। इस मौके पर जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, हर्षा चंद्राकर, सुश्री सरिता मिश्रा, अशोक राठी, राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, हिमा साहू, शैलेंद्र शैंडे, शैलेंद्री मांडवी, ओमप्रकाश सेन, ध्रुव सचदेव, सैयद आसिफ अली, राहुल पंडित, दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया आदि मौजूद रहे।

## युक्तियुक्तकरण : स्कूल शिक्षा मंत्री यादव द्वारा कार्रवाई के निर्देश

# 193 शिक्षकों के अभ्यावेदन हुए अमान्य ज्वाइनिंग के लिए तीन दिन की मोहलत

## जेडी ने सभी जिलों के डीईओ से मांगी आनन-फानन में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव युक्तियुक्तकरण के अभ्यावेदन अमान्य होने के बाद भी शिक्षकों द्वारा ज्वाइनिंग नहीं किए जाने से खफा हैं। इसलिए युक्तियुक्तकरण की सुनवाई पूरी हुए महीना बीत गया है। दसवी - बारहवीं बोर्ड की परीक्षा फरवरी में है। प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में कोर्स अधूरा है। मौजूदा हालात से निपटने के लिए शिक्षा मंत्री ने हाल ही में दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारियों को ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इस निर्देश के बाद दुर्ग संभागीय शिक्षा संयुक्त संचालक ने दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कवर्धा, मानपुर मोहला-चौकी जिले के डीईओ से ज्वाइनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों का ब्योरा मांगा है।

### ज्वाइनिंग नहीं होने से शिक्षा पर ऐसा असर

#### केस 1 — तिमाही का रिजल्ट खराब

युक्तियुक्तकरण के प्रकरण अमान्य होने के बाद भी शिक्षकों के ज्वाइनिंग नहीं दिया है। प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में हाल ही में अर्द्धवार्षिक परीक्षा हुई है। तिमाही परीक्षा का रिजल्ट अच्छा नहीं रहा। इसकी वजह कई स्कूलों में शिक्षकों के नहीं होने की वजह से पढ़ाई नहीं हो पाई। परीक्षा की तैयारी नहीं करवा पाए।

#### केस 2 — 188 स्कूल डी ग्रेड में

दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान भी चल रहा है। रिपोर्ट आई तो 188 स्कूल डी ग्रेड वाले निकले। जिसमें 66 प्राइमरी, 80 मिडिल, 19 हाई स्कूल और 23 स्कूल हायर सेकंडरी के हैं। इन स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना बनाई है लेकिन टीचरों की कमी से यह कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

#### केस 3 — बोर्ड परीक्षा फरवरी में

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस बार दसवी और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा फरवरी में आयोजित किया जा रहा है। इसके पहले यह परीक्षा मार्च में होती रही है। इस निर्णय की वजह से हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में प्रेक्टिल पूरा करवाने और कोर्स पूरा करने का दबाव है। हाल यह है कि महज 70 प्रतिशत कोर्स ही पूरे हो पाए हैं।

#### केस 4 — मॉडल शिक्षा का लक्ष्य अधूरा

दुर्ग जिले को शिक्षा का मॉडल जिला बनाने के निर्देश मिले हैं। इसके लिए राज्य स्तर पर अधिकारियों ने दुर्ग जिले को कार्ययोजना दी है। शिक्षकों की कमी के चलते मॉडल शिक्षा जिला की योजना मैदानी स्तर पर अमल में लाना एक चुनौती जैसा हो गया है। राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर पर अधिकारियों की बैठकें हो रही है लेकिन धरातल पर स्थिति विकट है।

### छह महीने हो गए ज्वाइनिंग नहीं दी

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया की शुरूआत जुलाई महीने से हुई। इस तरह अब तक छह महीने हो गए हैं। लेकिन अभ्यावेदन प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों ने स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं दी है।। युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों और अध्ययनरत बच्चों के तय अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना हो दुरूस्त किया गया। यानी अतिशेष की गणना की गई। अतिशेष शिक्षकों को जिले के रिक्त पद नहीं मिलने पर दूसरे जिले में भेजने का आदेश हुआ। शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण में विसंगति बताई और हाईकोर्ट में याचिका दायर किया गया। याचिका में कहा गया कि बिना दावा आपत्ति लिए जिला शिक्षा विभाग ने उन्हे दीगर जिले में भेज दिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में कलेक्टर को निर्देश जारी किया कि वे इन प्रकरणों की सुनवाई जिला स्तर पर करें। जिला स्तर से प्रकरण संभाग में आया। संभाग में 207 शिक्षकों के अभ्यावेदन आए थे। जिसकी सुनवाई के बाद 13 प्रकरणों को मान्य किया गया। शेष 193 प्रकरण अमान्य किए गए हैं।

### दुर्ग जिले से दूसरे जिले भेजे गए शिक्षक

मीरा यादव शिक्षक एलबी हिन्दी, कंचनलता पाटिल शिक्षक कला कुरूद भिलाई, संगीता निर्मलकर शिक्षक एलबी खेदामारा, मातंग सिंह साहू शिक्षक गणित महुद्दा पाटन, युवराज सिंह बेलचंदन शिक्षक गणित निकुम दुर्ग, गीता बारमासे शिक्षक कला ननकट्ठी दुर्ग, मैरूननिशा शिक्षक विज्ञान पोटियाकला दुर्ग।

### संभाग स्तरीय सुनवाई तिथिवार

| तिथि | प्रकरण | मान्य | अमान्य |
|---|---|---|---|
| 17 जुलाई | 40 | 03 | 37 |
| 25 जुलाई | 50 | 01 | 49 |
| 30 जुलाई | 51 | 06 | 45 |
| 25 अगस्त | 57 | 03 | 54 |
| 3 अक्टूबर | 08 | 00 | 08 |
| 30 अक्टूबर | 01 | 00 | 01 |
| कुल | 207 | 13 | 193 |

### तीन दिन की मोहलत

युक्तियुक्तकरण की सुनवाई पूरी कर ली गई है। मान्य व अमान्य की सूचना भी दे दी गई है। जिन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं दिया है स्कूली शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद हमने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से ब्योरा मांगा है। 50 शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं दी है। उन्हें तीन दिन की मोहलत दी गई है। उसके बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-आरएल ठाकुर,** संयुक्त शिक्षा संचालक , दुर्ग संभाग

# कृषि केंद्र में छापा, एग्री बुस्टर में मिली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विकासखंड दुर्ग अंतर्गत निजी कृषि आदान विक्रय प्रतिष्ठान डर्की मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड आनंद नगर धनौरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण संभागीय कार्यालय से सहायक संचालक कृषि हेमंत बघेल, जिला कार्यालय से सहायक संचालक कृषि सुचित्रा दरबारी, उर्वरक निरीक्षक नवीन खोब्रगढ़े एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

■ निर्धारित स्टॉक से ज्यादा का भंडारण भी मिला

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में एग्री बुस्टर का भंडारण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। जिसकी जब्त मात्रा लगभग 8889 लीटर राशि लगभग 26.67 लाख रूपए की अनुमानित कीमत आंकी गई। दस्तावेजों की जांच करने पर स्टॉक एवं विक्रय से संबंधित अभिलेखों में अनियमितता पाई गई। उपलब्ध इनवॉयस एवं स्टॉक विवरण के अनुसार कुल भंडारण एवं विक्रय में अंतर पाया गया, जिसके संबंध में प्रतिष्ठान द्वारा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

जांच के दौरान एग्री बूस्टर की कुल बोतलों का मिलान किया गया, जिसमें निर्धारित अवधि में विक्रय एवं शेष स्टॉक में विसंगति पाई गई। प्रथम दृष्टया नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित सामग्री को जब्त करते हुए आवश्यक प्रावधानानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही नमूना परीक्षण के लिए संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा गया है। कृषि विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं मानक अनुसार कृषि आदान उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

## एवीबीपी का अधिवेशन 19 से

भिलाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ प्रदेश का 58वां प्रदेश अधिवेशन दिनांक 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को सेक्टर-6 सिविक सेंटर के कला मंदिर में आयोजित है।अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता अरुण साव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया उपस्थित होंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ सत्र 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार पाण्डेय (बिलासपुर) एवं प्रदेश मंत्री अनंत सोनी अंबिकापुर 19 दिसंबर को अधिवेशन के उद्घाटन सत्र के पश्चात औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

अधिवेशन से पूर्व 18 दिसंबर को प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं 19 दिसंबर को अभाविप ध्वज का ध्वजारोहण एवं वंदेमातरम् गीत के साथ अधिवेशन का औपचारिक शुभारंभ होगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित बघेल द्वारा अधिवेशन की प्रस्तावना प्रस्तुत की जाएगी।

# न्याय मित्र मोबाइल एप्लिकेशन का वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला दुर्ग में न्यायिक अवसंरचना एवं वैकल्पिक विवाद समाधान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग के आवासीय क्वार्टर के निर्माण के लिए वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही, इस गरिमामय कार्यक्रम में समाधान और सद्भाव की यात्रा 90 दिवसीय मीडिएशन ड्राइव - मीडिएशन फार द नेशन विषयक पुस्तक का विमोचन तथा न्यायिक सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल एवं सुलभ रूप से पहुँचाने न्याय मित्र मोबाइल एप्लिकेशन का वर्चुअल शुभारंभ भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर तथा न्यायाधिपति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर एवं पोर्टफोलियो जज, जिला दुर्ग उपस्थित थे।



न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि न्यायिक अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण किसी भी प्रभावी एवं उत्तरदायी न्याय प्रणाली की आधारशिला है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के लिए आवासीय क्वार्टरों का निर्माण न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक सुविधा प्रदान करेगा, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक समर्पण एवं दक्षता के साथ कर सकेंगे। वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली, विशेषकर मीडिएशन, भारत के मुख्य न्यायाधिपति का विजन एवं आज के समय की आवश्यकता है।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 19 को

**दुर्ग।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले के तीनों विकास खंडों के युवा कलाकारों के लिए है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को इन विधाओं में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा जिसमें लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नृत्य, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा और रॉकबैंड। प्रतिभागी अपनी संबंधित सामग्री स्वयं लाएँगे।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजन में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक होना चाहिए।

# धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर दुर्ग ब्लाक के तीन खरीदी केन्द्रों में किसानों ने धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने और किसानों को पर्याप्त संख्या में टोकन जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आलबरस में खाड़ा, आमटी, मासाभाट आलबरस गांव के, निकुम केंद्र में मासाभाट, आमटी, रूदा, निकुम गांवों के और अंडा केंद्र में विनायकपुर, जंजगिरी, चिंगरी, अंडा गांवों के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारी किसानों ने धान खरीदी की धीमी गति और टोकन मिलने में होने वाले कठिनाईयों के बारे में बताया कि पहली बार धान बेचने वाले किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि सरकार के निर्देश के अनुसार किसानों को मजदूरी की राशि नहीं देना चाहिए लेकिन खरीदी केन्द्रों में किसानों से मजदूरी की राशि वसूल की जा रही है, किसानों की मजबूरी का अनुचित फायदा उठाया जा रहा है। किसानों को संबोधित करते हुए छग प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक एड राजकुमार गुप्त ने कहा कि किसानों में एकता नहीं है जिसके कारण सरकार बेलगाम हो गई है और धान खरीदी के लिए मनमाने निर्णय लेकर किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। किसानों को भटकना पड़ रहा है, उन्होंने किसानों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। संघ के मनोज मिश्रा व सुमिरन गुप्ता ने भी किसानों से एकजुटता की अपील की।

## समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश, लंबित कार्य जल्द पूरे करने कहा

# कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त ने शासन की विभिन्न योजनाओं और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2021–22 से लंबित निर्माण कार्यों, निविदा प्रक्रिया, स्वच्छता, सड़क, नाली, उद्यान, शौचालय, सांस्कृतिक भवन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी जोन आयुक्त सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

■ स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर साफ सफाई में विशेष फोकस

आयुक्त राजीव पांडेय ने स्पष्ट किया कि जो निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने की जिम्मेदारी संबंधित जोन आयुक्त और कार्यपालन अभियंता की होगी। यदि किसी कार्य की वर्तमान में आवश्यकता नहीं है, तो उसकी जांच कर नस्ती अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रस्तुत की जाए। आयुक्त ने किसी भी कार्य की फाइल अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए। निविदा प्रक्रिया को लेकर अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तय समय और तिथि पर निविदा खोली जाएगी और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। 10 लाख रुपये से अधिक के कार्यों की निविदा व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ प्रकाशित करने के निर्देश भी दिए गए।



### एसएलआरएम सेंटर प्रारंभ करने के निर्देश

बैठक में 7 स्थानों पर निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर को लेकर विशेष चर्चा हुई। स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताई गई कमियों को सात दिनों के भीतर दूर करने और जनवरी 2026 से सभी 7 एसएलआरएम सेंटर प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य अधिकारी को पुनः स्थल निरीक्षण कर स्थिति से अवगत कराने को कहा गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए उद्यानों की नियमित साफ-सफाई, सभी सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण और निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सी एंड डी वेस्ट हटाने, रास्ता निर्माण और मटेरियल वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### स्वीकृत कार्यों की प्रगति की पोर्टल में एंट्री अनिवार्य

बैठक में यह भी कहा गया कि सभी स्वीकृत कार्यों की प्रगति की एंट्री अनिवार्य रूप से पोर्टल में की जाए। 14वें वित्त आयोग और खनिज न्यास मद से स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर को सुचारू रूप से संचालन के लिए कार्यवाही करने, अटल परिसर नेहरू वाटिका में चल रहे निर्माण को एक सप्ताह में पूरा करने, रामनगर मुक्तिधाम के विकास से जुड़े प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने और एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित मानकों के अनुसार ही कार्य कराए जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत न आए।

## चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकान संचालक पर कार्रवाई

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में चाइनीज मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर एक बार फिर कार्रवाई की गई। अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में टीम अमला ने वार्ड 52 बोरसी पहुंचकर जय शंकर किराना स्टोर्स में मांझा की जांच की। इस दौरान प्रतिबंधित मांझा जब्त करते हुए 5 हजार रुपये का जुर्माना राशि वसूला गया।

## पेज 11 के शेष

### निवेशकों से धोखाधड़ी ...

की पतासाजी कर यह सफलता हासिल की। पूर्व में कई आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शेष फरार डायरेक्टरों की तलाश लगातार की जा रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी गुरजंत सिंह गिल एवं गुरनाम सिंह अन्य राज्यों के ईओडब्ल्यू प्रकरणों में उत्तरप्रदेश की जेलों में निरुद्ध थे। **17 को की गई औपचारिक गिरफ्तारी:** न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी कर दोनों को बेमेतरा लाया गया, जहां 17 दिसंबर बेमेतरा एवं बेरला थानों में दर्ज प्रकरणों में उनकी औपचारिक गिरफ्तारी की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण में शामिल अन्य डायरेक्टरों एवं सहयोगियों की तलाश जारी है तथा निवेशकों की राशि की रिकवरी को लेकर भी विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मयंक मिश्रा, उप निरीक्षक राजकुमार साहू सहित बेमेतरा एवं बेरला थाना पुलिस टीम का योगदान उल्लेखनीय रहा।

### धान खरीदी की लिमिट ...

अधिक भूमि है, वे अब तक धान विक्रय से वंचित हैं। इन किसानों की संख्या इतनी अधिक है कि निर्धारित अंतिम तिथि तक उनका धान बिक पाना संभव नहीं दिखता।


18 दिसम्बर अमर रहे...
छत्तीसगढ़ के पावन भूमि गिरौदपुरी धाम भूमि में अवतरित
सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणी
गुरू बाबा घासीदास जी के
269 वें अवतरण दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को बहुत-बहुत बधाई
एवं शुभकामनाएं...
टी.आर. जनार्दन संरक्षक
आगर दास डेहरे अध्यक्ष
पी.आर. पाटले उपाध्यक्ष
निर्मल कुमार डिंडोरे कोषाध्यक्ष
खेमसिंह बाटले सचिव
मूलचन्द बंजारे सह सचिव
खिलावन जांगड़े कार्यकारिणी
अरूण खरे कार्यकारिणी
गुरु घासीदास जयंती समारोह
अत्यंत हर्ष के साथ आपको आमंत्रित किया जा रहा है कि इस वर्ष भी
सतनाम भवन बेमेतरा में गुरू घासीदास जयंती समारोह
एवं शिलान्यास का आयोजन किया जा रहा है।
जिसमें सपरिवार सादर आमंत्रित है...
कार्यक्रम
दिनांक : 18 दिसम्बर 2025, दिन : गुरूवार
समय : दोपहर: 1 बजे से
स्थान : सतनाम भवन, रायपुर रोड - बेमेतरा
किशनलाल कुर्रे संरक्षक
अनिल मार्कण्डेय
विजय कुर्रे
डॉ. सुरेश बंजारे
वाये के डिडोर
जी.एल. खुटियारे
गोकुल बंजारे (चंदन)
ठाकुर प्रसाद जोशी
शंकर डिंडोरे
प्रकाश भारती
विजय डेहरे
निरंजन डेहरे
पवन कुमार घृतलहरे
अश्वनी बनर्जी
आर.के. भारद्वाज
सी.पी. बंजारे
ज्ञानदास रात्रे
तिलक घोष
एन.आर. खुंटे
बबलू जनार्दन
अमन कुमार (देवा भाईया)
श्रीमती एच. मारकण्डेय
डॉ. रीता बंजारे
श्रीमती मैना अनंत
श्रीमती संत बाई
अनिल कुमार डिंडोरे
हरीचंद सोनवानी
झम्मन बघेल
आर. के. भारती
दिग्विजय घृतलहरे
रोहित बारले
लखनलाल गेंदरे
राजेश राय
शांति लाल बांधे
गणेश दास कुर्रे प्राचार्य
ध्रुव मार्कण्डेय
सालिक राम घृतलहरें सेवानिवृत डी एस पी
विनीत : - सतनामी समाज कल्याण एवं
विकास समिति एवं समस्त सतनामी समाज के बंधुगण बेमेतरा, जिला-बेमेतरा

**खबर संक्षेप**



## झंडातलाव मड़ई 29 को

**एलबी नगर।** ग्राम झंडा तलाव में मंडई मेला का आयोजन आगामी 29 दिसंबर को रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रेम सुमन नाच पार्टी ग्राम बेंदाड़ी का मंचन होगा। यह जानकारी सरपंच मोटिंबाई वर्मा ने देते हुए आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

## गरगरा घाट में वाहन पलटा

**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा नर्मदा के मध्य ग्राम जंगलपुर के गरगरा घाट में बुधवार को एक ट्रक अनियंत्रित हो कर पलट गया। जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनके 5568 साल्हेवारा की ओर से मटर भर कर नर्मदा गंड़ई की ओर जा रहा था । जो गरगरा घाट में अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया गया कि घाट में वाहन की रफ्तार अधिक एवं कोहरे के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं कर पाया और हादसा हो गया। हादसे में किसी की हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

## दिलीप बने जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष

**डोंगरगांव।** प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने गत दिनों जिला अध्यक्षों का मनोनयन किया है। राजनांदगांव जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष पद पर ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम अमलीडीह के दिलीप साहू का मनोनयन किया है। उनके मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अर्जुनी मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, टोमन साहू, दिनेश साहू, विजय जैन, मनीष साहू, देवलाल साहू, घनश्याम यादव, अश्वनी शेरपा, मनीष पटेल, टामेश्वर साहू, बीरेन्द्र साहू, कुलेश्वर निषाद, श्रवण निषाद, चुन्नी यदु, मोमेश साहू, भावेश आदि ने बधाई दी है।

## गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन

**अर्जुनी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम किरगी में सहस्त्रवेदी गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा थे। प्रारंभ में नीलिमा सिन्हा ने भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात श्री सिन्हा ने गायत्री यज्ञ एवं गायत्री महिमा का बखान किया । नशा नहीं करने, सनातन के उत्थान के लिए सहयोग करने ग्रामीणों को प्रेरित किया। नीलिमा सिन्हा गोदावरी साहू एवं भेषकुमारी साहू के भजन में लोग झूमते नजर आए। तत्पश्चात वैदिक मंत्रों से देव शक्तियों का आवाहन कर 1001 दीपों से वेद माता गायत्री की आरती की गई। अंत में साहित्य एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## छात्रों ने लगाए फूड स्टॉल

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने अनोखी पहल करते हुए फूड स्टॉल और औद्योगिक दृष्टिकोण से जुड़े स्टॉल लगाए। रचनात्मकता और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने वाले आयोजन में विभिन्न व्यंजनों के साथ औद्योगिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

### कार्यशाला : विज्ञान विषय पर ब्लूप्रिंट निर्माण कार्यशाला साजा में प्रारम्भ

# शिक्षकों को प्रश्नपत्र निर्माण, विद्यालयीन संस्कृति और सीखने के वातावरण के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड स्तर पर विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों पर ब्लूप्रिंट निर्माण, प्रश्न पत्र निर्माण एवं शिक्षण शास्त्र पर कार्यशाला का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा में बुधवार से प्रारम्भ हुआ। इसमें 4 मास्टर ट्रेनर्स और बीआरजी चंद्रकांत दुबे, रमेश कुमार वर्मा, रमेश कुमार पटेल, और हेमेंद्र पंसारी विभिन्न विषयों और कंटेंट व्याख्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है।

पहले दिन साजा विकासखंड प्रभारी डाइट व्यख्याता थलज कुमार साहू ने प्रशिक्षण से सीखी हुई बातों को विद्यार्थियों तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में बीआरजी और व्याख्याता चंद्रकांत दुबे ने ब्लूम टेक्सोनामी के 6 डोमेन का प्रश्नपत्र निर्माण में कैसे प्रयोग करें, को विस्तार से बताया। अमेरिका की शिक्षा मनोवैज्ञानिक बी एस ब्लूम ने 3एच के आधार पर हेड, हर्ट और हैण्ड, शैक्षिक उद्देश्यों का वर्गीकरण किया। जिसे उसी के नाम पर ब्लूम टैक्सोनामी कहा जाता है। इसी के आधार पर ब्लूप्रिंट का निर्माण किया जाता है। इसके बाद ही संतुलित प्रश्न पत्र का निर्माण किया जाता है। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु विद्यालयीन संस्कृति पर चर्चा करते हुए बीआरजी चंद्रकांत दुबे ने बताया कि यह विद्यालय का संपूर्ण व्यक्तित्व है। जो यह बताता है कि छात्र शिक्षक और स्टाफ कर्मचारी कैसे काम करते हैं तथा एक दूसरे के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। प्रत्येक विद्यालय की अपनी-अपनी अलग संस्कृति होती है। सीखने के वातावरण पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह वह कुंजी है जो किसी विद्यार्थी की रुचि, जिज्ञासा को जन्म देता है और ज्ञान को सार्थक और स्थायी बनाता है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अपने विचारों को रखने की स्वतंत्रता हो, भय मुक्त हो, मूल्यांकन केंद्रित हो, समुदाय केंद्रित हो, एक आदर्श वातावरण मिले, सीखने के लिए मानसिक वातावरण का उपयुक्त होना बहुत आवश्यक है। बीआरजी और व्याख्याता डॉ. प्रियंका वर्मा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है यह व्यक्ति के मन, शरीर और समाज को बुरी तरह से प्रभावित करता है। यह व्यक्ति की आत्म नियंत्रण सोचने समझने की क्षमता को भी प्रभावित करती है। बीआरजी रमेश कुमार वर्मा, रमेश कुमार पटेल, हेमेंद्र पंसारी ने भी अपने विषयों पर विस्तृत चर्चा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में विज्ञान समूह के अंतर्गत चारों विषय के 74 व्याख्याता उपस्थित रहे। जबकि 4 विकासखंड स्त्रोत समूह डीआरजी गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।



### इन प्रशिक्षार्थियों की रही उपस्थिति

प्रशिक्षार्थियों में वंदना साहू, ईश्वर लाल साहू, भोला राम वर्मा, पिंकी कश्यप, राखी ठाकुर, नीलिमा खोब्रागड़े, उपेंद्र कुमार वर्मा, रश्मि साहू, चेतना साहू, रविंद्र बंजारे, पदमनी चंद्राकर, सविता यादव, देवेन्द्र दुबे, जानव्ही तिवारी, भावना वैष्णव, लता स्वर्णकार, रीता शर्मा, मनीषा तिवारी, विनय जोशी शामिल है। समूचे प्रशिक्षण का समन्वय साजा बीआरपी चंद्रकांत वर्मा ने किया। प्रशिक्षण में विशेष सहयोग व्याख्याता अजय कुमार शर्मा, डॉ प्रियंका वर्मा और विकास मिश्रा ने किया।

# एचआईवी, एड्स नियंत्रण के लिए जागरुकता रथ रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सीएमएचओ ने एचआईवी/एड्स व सिफलिस पर जन-जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी

जिले में एचआईवी/एड्स, सिफलिस नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंटेंसिफाइड आईईसी कैंपेन याने सघन सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान का आयोजन 15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में एचआईवी/एड्स जन-जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरुकता रथ मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को रोग की रोकथाम, जांच एवं उपचार के प्रति जागरूक करेगा। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में क्लस्टर के माध्यम से भी जन-जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहाँ एचआईवी/एड्स एवं सिफलिस की निःशुल्क परामर्श एवं जांच सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी।

### सक्रिय सहभागिता निभाएं

इस अवसर पर सीएमएचओ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे इस जागरुकता अभियान में सक्रिय सहभागिता करें। सही जानकारी प्राप्त करें एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविरों का लाभ उठाकर जिले में एचआईवी/एड्स के प्रसार को नियंत्रित करने में सहयोग करें। कार्यक्रम में डीपीएम सुश्री लता बंजारे, बीएमओ खंडसरा, जिला मीडिया अधिकारी संजय कुमार तिवारी, आईसीटीसी परामर्शदाता पुराणिक नायक सहित सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक

कलेक्टोरेट स्थित दिशा सभाकक्ष में जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने की। इस अवसर पर जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, बैंकिंग गतिविधियों एवं हितग्राही उन्मुख कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

अपर कलेक्टर भारद्वाज ने बैठक में कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य तभी सार्थक होगा, जब उनका प्रभावी क्रियान्वयन अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में कृषि प्रधान बेमेतरा जिले की आवश्यकताओं पर विशेष चर्चा की गई। अपर कलेक्टर ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन जैसी आयवर्धक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बैंकों से प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत ऋण वितरण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा किसानों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### योजनाओं की स्थिति की हुई समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा योजना, खादी ग्रामोद्योग सहित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने कहा कि युवाओं एवं बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में बैंकों एवं संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।इस दौरान बैंकिंग सेवाओं, ऋण-जमा अनुपात, आधार सीडिंग, वित्तीय समावेशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तथा पशुपालन एवं मत्स्यपालन के लिए साख सुविधा जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही मनरेगा अंतर्गत आधार लिंकिंग की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

### योजनाओं की होगी नियमित मॉनिटरिंग

बैठक के अंत में सभी विभागों एवं बैंकों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के समग्र विकास में योगदान देने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, कृषि, उद्योग, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ

**डोंगरगाव।** सांसद संतोष पाण्डेय ने सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत दक्षिण कौशल फुटबाल संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सांसद श्री पाण्डेय ने उद्घाटन मैच का विधिवत टॉस कराकर प्रारंभ कराया। महोत्सव अंतर्गत फुटबाल प्रतियोगित में महाराष्ट्र 11 अकोला, नागेश 11 कोंडागांव, ब्रम्हविद रायपुर, एमईजी बैगलुरू, एसटीएफसी जम्मू एण्ड काश्मीर, चक्रधरपुर, नर्मदा स्पोर्टिंग जबलपुर, मैसूरम क्लब हैदराबाद की टीम शामिल हो रही है। शुभारंभ के मौके पर सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश में सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेल आवश्यक है।

# गुरू घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरू घासीदास की 269वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाज के अनुयायी शामिल हुए। शहर के जिला सतनाम भवन से निकली शोभायात्रा की अगवानी समाज के धर्म गुरूओं ने बाबा का ध्वज लेकर किया। शोभायात्रा के दौरान बाबा गुरु घासीदास के भजनों में समाज के लोग जमकर झूमे। गुरू घासीदास जयंती के पूर्व संध्या पर निकली इस शोभायात्रा में काफी उत्साह नजर आया। शोभायात्रा जिला सतनाम भवन से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई गुजरी। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शहर के महावीर चौक पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने समाज के लोगों को घासीदास जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। शोभायात्रा के दौरान समाज के बच्चों और युवाओं द्वारा आकर्षक पंथी नृत्य किया गया। वहीं युवाओं ने अखाड़े का प्रदर्शन भी किया। शोभायात्रा देर शाम तक शहर में भ्रमण करती रही। शोभायात्रा में समाज द्वारा झांकी भी बनाई गई थी।



# प्रतिष्ठा ममगाई बनीं बेमेतरा की कलेक्टर विकास व सुशासन को लेकर बढ़ी उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले को मिली महिला आईएसएस

जिले में नई कलेक्टर के रूप में सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की पदस्थापना से जिलेवासियों में नई उम्मीदों का संचार हुआ है। एक महिला कलेक्टर के रूप में उनकी नियुक्ति को प्रशासनिक सख्ती, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के मजबूत संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। जिले के नागरिकों को नवपदस्थ कलेक्टर से विशेष अपेक्षाएं हैं कि उनके नेतृत्व में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कसावट आएगी। आमजन यह आशा कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी अड़चन के पात्र हितग्राहियों तक पहुंचेगा तथा कार्यालयों में लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण होगा।



### बुनियादी क्षेत्रों में ठोस पहल की अपेक्षा

इसके साथ ही जिले में लंबे समय से चर्चा में रहे अवैध खनन, अतिक्रमण और अन्य अवैधानिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगने की भी लोगों को उम्मीद है। माना जा रहा है कि सुश्री ममगाई अपने सशक्त प्रशासनिक अनुभव के आधार पर कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करेंगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और स्वच्छता जैसे बुनियादी क्षेत्रों में ठोस पहल की अपेक्षा की जा रही है।

### जनसरोकारों को प्राथमिकता मिलने की उम्मीद

वहीं महिलाओं, किसानों और युवाओं से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। कुल मिलाकर, बेमेतरा जिले को सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के रूप में एक ऐसी कलेक्टर मिली हैं, जिनसे प्रशासनिक मजबूती के साथ-साथ जनसरोकारों को प्राथमिकता मिलने की उम्मीद है। जिलेवासियों को भरोसा है कि सुशासन की नई मिसाल कायम करेगा।

### पशुपालन के मशीनीकरण पर किसानों को दी जानकारी

# बेमेतरा में कृषि अभियांत्रिकी प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पशुपालन के मशीनीकरण पर किसानों को दी जानकारी

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया में पशुपालन के मशीनीकरण विषय पर एक दिवसीय कृषि अभियांत्रिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना अंतर्गत अनुसूचित जाति उप योजना के तहत प्रक्षेत्र यंत्र एवं शक्ति अभियांत्रिकी विभाग, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 35 कृषकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वीरेन विक्टर, प्राध्यापक एवं परियोजना प्रधान अन्वेषक(पी.आई.), इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. भंडारकर ने कृषि यंत्रीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अमेरिका में कृषि यंत्रीकरण लगभग 90 प्रतिशत, ब्राजील में 75 प्रतिशत, चीन में 60 प्रतिशत तथा भारत में लगभग 47 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारत में गेहूं में 69 प्रतिशत एवं धान में 53 प्रतिशत यंत्रीकरण अपनाया जा रहा है, वहीं ट्रैक्टर का उपयोग सर्वाधिक हो रहा है। मुख्य अतिथि डॉ. वीरेन विक्टर ने कृषि यंत्र अपनाओ, ऊपज बढ़ाओ की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि यंत्रीकरण से कृषि कार्य समय पर पूर्ण होते हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है तथा अगली फसल के लिए खेत समय पर उपलब्ध हो पाता है।



### समय-समय पर टीकाकरण की आवश्यकता पर दिया जोर

प्रशिक्षण सत्र में डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने पशुचालित कृषि यंत्रों जैसे खुरपी, पड़लर, पलाऊ एवं सीड ड्रिल की जानकारी दी। डॉ. अखिलेश चंद्राकर ने पशुचालित यंत्रों से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. आशुतोष दुबे ने पशुपालन के मशीनीकरण के साथ-साथ पशुओं की समुचित देखभाल, उन्नत नस्ल प्रबंधन, पौष्टिक आहार, आवास व्यवस्था एवं स्वास्थ्य प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी देते हुए समय-समय पर टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमेश कुमार ध्रुव द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को सेरेट सिकल, हैंड हो, खुरपी सहित विभिन्न कृषि यंत्र एवं त्रिफाल ब्यासी, जुड़ा, बीम/दाड़ी जैसे पशुचालित यंत्र निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए पशुपालन एवं कृषि यंत्रीकरण अपनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

